अव्यवस्था | सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अव्यवस्थाओं का अंबार, भीषण गर्मी में मरीज परेशान

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अपनी बदहाल व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा में

**नवभारत,नरसिंहपुर,साईखेड़ा।** तहसील एवं नगर परिषद का दर्जा प्राप्त साईखेड़ा का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इन दिनों अपनी बदहाल व्यवस्था को लेकर चर्चा का विषय बना हुआ है। नरसिंहपुर, रायसेन एवं नर्मदापुरम जिले के लगभग 70 से 80 गांवों के लोग इलाज के लिए इस अस्पताल पर निर्भर हैं, लेकिन यहां डॉक्टरों की भारी कमी और मूलभूत सुविधाओं के अभाव के कारण मरीजों एवं उनके परिजनों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि कभी इस अस्पताल में एमबीबीएस, एमडी एवं महिला डॉक्टर सहित कई विशेषज्ञ चिकित्सक पदस्थ थे, लेकिन वर्तमान में स्थिति यह है कि एक भी स्थायी डॉक्टर उपलब्ध नहीं है। डॉक्टरों के अभाव में न तो पोस्टमार्टम हो पा रहे हैं और न ही एमएलसी जैसी आवश्यक चिकित्सकीय प्रक्रिया पूरी हो पा रही है। इसके चलते मरीजों और पीड़ित परिवारों को भीषण गर्मी में गाडरवारा अस्पताल के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। कुछ दिन पूर्व नगर के भदौरिया परिवार में हुई




घटना के बाद पोस्टमार्टम के लिए परिजनों को दोपहर की तेज गर्मी में शव लेकर गाडरवारा जाना पड़ा। परिजनों का कहना है कि इस दौरान समय की बर्बादी के साथ मानसिक और शारीरिक परेशानी भी झेलनी पड़ी। वहीं गुरुवार को पिटरास गांव में राजपूत परिवार के बीच हुई मारपीट में घायल बालक का एमएलसी कराने परिजन साईखेड़ा अस्पताल पहुंचे, लेकिन डॉक्टर नहीं मिलने के कारण उन्हें मोटरसाइकिल से गाडरवारा ले जाना पड़ा। पिटरास निवासी सतपाल राजपूत ने बताया कि गांव के एक व्यक्ति के साथ मारपीट में गंभीर चोटें आई थीं। साईखेड़ा अस्पताल में डॉक्टर नहीं होने से एमएलसी नहीं हो सकी, जिसके कारण घायल को तेज गर्मी में गाडरवारा ले जाना पड़ा। इस दौरान समय के साथ काफी परेशानी भी उठानी पड़ी। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि पूर्व विधायक सुनीता पटेल द्वारा अस्पताल को उपलब्ध कराई गई एंबुलेंस भी अधिकांश समय बंद पड़ी रहती है। अस्पताल में कार्यरत कर्मचारी सीमित संसाधनों में व्यवस्था संभालने का प्रयास कर रहे हैं, जबकि जिम्मेदार अधिकारी शिकायतों पर ध्यान नहीं दे रहे। लोगों का आरोप है कि फोन लगाने पर अधिकारी कॉल तक रिसीव नहीं करते। अस्पताल के बाहर की सड़क भी बदहाल स्थिति में है।

### व्यवस्थाओं में सुधार किया जाए

जगह-जगह गड्ढे होने से मरीजों को आने-जाने में कठिनाई होती है। वहीं अस्पताल के सामने नर्मदा जल योजना की पाइपलाइन टूटने से तिराहे पर कीचड़ और दलदल की स्थिति बनी रहती है, जिससे लोगों को और अधिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। नगरवासियों का कहना है कि अभी तक रोगी कल्याण समिति का गठन भी नहीं किया गया है। यदि समिति बन जाए तो अस्पताल को मिलने वाली राशि से भवन रखरखाव एवं अन्य व्यवस्थाओं में सुधार किया जा सकता है। नगर के लोगों ने प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र साईखेड़ा में शीघ्र डॉक्टरों की नियुक्ति कर स्वास्थ्य सुविधाएं बहाल की जाएं, ताकि क्षेत्रवासियों को इलाज के लिए भटकना न पड़े।

# स्थानीय ग्रामीण जनप्रतिनिधियों से कर रहे विकास की मांग

**नवभारत,गोटेगांव।** समीप ग्राम करकबेल विकास में बिल्कुल पिछड़ा हुआ है। रेलवे स्टेशन में विधयाँचल, पैसिंजर, मेमो, राजकोट के स्टॉप वाला करकबेल दो भागों में बँटा होने के कारण विकास कार्यों में पीछे हैं। करकबेल दो पंचायत में बँटा है यहाँ रेल्वे स्टेशन एवं मंडी, अस्पताल से होने वाला आर्थिक लाभ ग्राम पंचायत बौछार को प्राप्त होते है।

इसे करकबेल के नाम से जाना जाता है दूसरा हिस्सा करकबेल ग्राम है। लगभग 10000 की आबादी वाले दो गाँवो को समेटे और आसपास के पचासों ग्राम के बाजार का केंद्र करकबेल अपनी ही काबलियत से हताश है। जनप्रतिनिधियों का रुझान ऐसे गांव के प्रति नहीं बनता दिखाई देता कि करकबेल के हित लाभ करकबेल को न मिल दूसरे गाँव को प्राप्त हो रहे है। यहां के लोगों को किसी भी प्रकार का लाभ नहीं मिल पा रहा है आमजन हतप्रभ हैं कि वर्षो वर्ष से चली आ रही सीमांकन की समस्या पर शासन प्रशासन ध्यान क्यो नहीं दे रहा है यदि आज दोनों पंचायत को मिलाकर एक कर दिया जाए तो विकासखंड बन जाएगा और विकास की गंगा बह जाएगी जो अधूरे काम पड़े




हुए हैं वह पूरे हो जाएंगे जहां एक और बौछार पंचायत के में रोड पर स्ट्रीट लाइट लग चुकी है वहीं दूसरी ओर करकबेल ग्राम पंचायत में स्ट्रीट लाइट न होने से लोगों की मांग बहुत दिनों से चल रही है मगर यहां पंचायत के द्वारा ना स्ट्रीट लाइट ना साफ सफाई का ध्यान दिया जाता है ग्राम में ऐसी अनेकों समस्याओं हैं जिनके करकबेल जूझ रहा है। दो पाटों में पिस रहा है करकबेल विकास के नाम पर ठेंगा कब होगा करकबेल का विकास जनप्रतिनिधियों में विधायक और सांसद भी मौन है। प्राथमिक सुविधा जैसे निस्तारण के पानी बहाने जैसी समस्या,स्ट्रीट लाइट जैसी समस्याए विद्यमान है। पर जुआ सट्टा और चोर बराबर सक्रिय है। पुलिस चौकी बनाए जाने की मांग, सुलभ शौचालय की मांग, रोजगार के लिए तरसते युवा नशा और बर्बादी की ओर अग्रसर है इस ओर जिम्मेदारों को पिछड़े करकबेल क्षेत्र को ध्यान देकर विकास की राह पर लाया जाना चाहिए ताकि यहां रह रहे ग्रामीणों को समुचित सरकार की योजनाओं का लाभ मिलने के साथ-साथ विभिन्न प्रकार की परेशानियों से निजात मिल सके।



# भारत विकास परिषद की बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने रखे विचार

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डीडी शर्मा का तेंदूखेड़ा प्रवास हुआ।रीजनल अध्यक्ष सुनील कोठारी महासचिव सुधीर अग्रवाल प्रांतीय अध्यक्ष रामकृष्ण चौकसे कोषाध्यक्ष शैलेंद्र जेठा तथा प्रांतीय सलाहकार सरोज चौकसे विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस मौके पर भारत विकास परिषद के संगठन मंत्री सचिंद्र कुमार गुप्ता सेवा संयोजक पंकज स्वदेशी ने भी सहभागिता निभाई। शाखा तेंदूखेड़ा के संरक्षक रजनीश जैन अध्यक्ष अमित खरे सचिव पुरुषोत्तम बसेड़िया कोषाध्यक्ष मनोज दुबे सहित परिषद के सदस्य एडवोकेट गगन अग्रवाल रूपम विश्वकर्मा मुकेश पुजारी छोटू श्रीवास्तव भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# लाखों का राजस्व देने वाले विभाग का भवन क्षतिग्रस्त

**नवभारत,गोटेगांव।** बीते कई वर्षों से सरकार को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने वाले विभागों में से एक नोटरी विभाग भी है यह वह विभाग है जो आपको अपनी संपत्ति का अधिकार देता है और विक्रयनामा यहां लिखे जाते हैं यह विभाग आपकी संपत्ति का अधिकार सुरक्षित करता है।

साथ ही साथ सरकार को सबसे ज्यादा राजस्व भी देता है लेकिन नोटरी विभाग की ऑफिस की बात करें तो यहां का भवन क्षतिग्रस्त हो गया है इसी क्षतिग्रस्त भवन में लोगों की संपत्ति की लिखापढ़ी की जा रही है यह भवन कई वर्षों से ऐसी ही जर्जर स्थिति में न्यू पर टिका है और इसी जर्जर हालत भवन में बैठकर अधिकारी कर्मचारी अपनी जान हथेली पर



रखकर क्रय विक्रय का कार्य कर रहे हैं साथ ही स्टांप वेंडर क्रेता विक्रेता मुंशी भी परेशान है उन्हें बैठने के लिए भी कोई ऐसी समुचित व्यवस्थाएं नहीं है बरसात के समय इस भवन में और दयनीय स्थिति बन जाती है जिस कारण से यहां पर रजिस्ट्री कराने वाले लोगों को बड़ी मुसीबत का सामना करना पड़ता है द्व भवन जीर्णोद्धार के लिए ना तो अधिकारियों द्वारा पहल की जा रही है और ना ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा ध्यान दिया जा रहा है यहां पर बैठने वाले मुंशी एवं रजिस्ट्री कराने आए उपभोक्ताओं द्वारा भवन जीर्णोद्धार के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि इस भवन में समुचित व्यवस्थाएं कराई जाए क्योंकि यह एक ऐसा विभाग है जो गोटेगांव में सबसे ज्यादा राजस्व वाला विभाग माना जाता है और सरकार को सबसे ज्यादा इसी विभाग से होती है आज इस भवन की स्थिति इस तरह हालत हो गई है कि वह कभी भी ढेह सकता है इसके लिए नगरीय प्रशासन को ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है।



# सात दिवसीय समर कैंप का समापन बच्चों को मिले सर्टिफिकेट एवं उपहार

**नवभारत,गोटेगांव।** शिक्षक कॉलोनी स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में आयोजित सात दिवसीय समर कैंप का समापन हुआ। अंतिम दिन सभी प्रतिभागी बच्चों को प्रमाण-पत्र एवं वाटर बॉटल वितरित किए गए। समापन कार्यक्रम में हायर स्कूल इमलिया की शिक्षिका निशा ने गीतों के माध्यम से बच्चों को स्वच्छता का महत्व समझाया। उन्होंने नैतिक एवं मानसिक विकास हेतु बच्चों का मार्गदर्शन भी किया।वैश्य संगठन की अध्यक्ष महिमा केसरवानी ने बच्चों को क्राफ्ट बनाना सिखाया, विभिन्न गेम्स कराए गए। दिव्य ज्योति भवन की संचालिका राजयोगिनी मीना एवं प्रीति बहनजी ने बच्चों को मानसिक एवं बौद्धिक विकास के लिए मेडिटेशन का अभ्यास कराया।

## एक नजर में



# क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**नवभारत,गोटेगांव।** गोटेगांव अंतर्गत करकबेल गांव में युवाओं के लिए एक विशेष क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर के प्रथम दिन का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन डॉ दीक्षा पाटकर IAS द्वारा किया गया, जिसमें नरसिंहपुर से आए अनुभवी कोच अर्पित सक्सेना ने खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया। शिविर में गांव और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में बच्चों और युवाओं ने भाग लिया। कोच अर्पित सक्सेना ने प्रतिभागियों को क्रिकेट की बारीकियां सिखाई, जिसमें बल्लेबाजी, गेंदबाजी, फील्डिंग और फिटनेस से जुड़ी महत्वपूर्ण तकनीकों पर विशेष ध्यान दिया गया। इस आयोजन को सफल बनाने में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य बी एस मेहरा एवं अन्य शिक्षकों का विशेष सहयोग रहा। उनके मार्गदर्शन और समर्थन से शिविर का संचालन सुचारु रूप से शुरू हुआ है। साथ ही, स्थानीय स्वयंसेवकों ने भी व्यवस्थाओं को संभालते हुए खिलाड़ियों को हर संभव सहयोग प्रदान किया। शिविर के दौरान क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति कृषिकर्मण नारायण सिंह पटेल ने भी शिविर का दौरा किया और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आयोजक डॉ दीक्षा पाटकर ने बताया कि इस तरह के शिविरों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित करना और उनकी प्रतिभा को निखारना है।

# जिले में खाद का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध

**नवभारत,नरसिंहपुर।** उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग ने बताया कि खरीफ फसलों की बोनी की तैयारियों के लिए जिले में खाद का पर्याप्त स्टाक उपलब्ध है। जिले में वर्तमान स्थिति में 12 हजार 829 मैट्रिक टन यूरिया, एक हजार 673 मैट्रिक टन डीएपी, 5 हजार 537 मैट्रिक टन एनपीकेएस, 504 मैट्रिक टन एमओपी और 12 हजार 45 मैट्रिक टन सिंगल सुपर फास्फेट (एसएसपी) का सुरक्षित भंडारण किया जा चुका है। ई- विकास प्रणाली (ई-टोकन उर्वरक वितरण) अंतर्गत जिले में 49 हजार 352 किसानों के द्वारा रजिस्ट्रेशन कराया गया।

# नहीं रहे समाज सेवी शिखर सेठ



**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** डोभी रविवार को डोभी ग्राम के वरिष्ठ समाज सेवी एवं ज्योतिष के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाने वाले सहज सरल मिलनसार शिखर चंद्र जैन का 94 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। शिखर सेठ के निधन की खबर लगते ही संपूर्ण क्षेत्र में शोक का माहौल देखा गया । शिखर सेठ बड़कुल राजेंद्र जैन के पिता एवं बड़कुल देवेंद्र जैन संदीप जैन दाता जैन जानू जैन विधाता जैन शैंकी जैन एवं दाक्षित जैन के दादा थे। क्षेत्र के सभी वर्गों के लोगों ने पहुंचकर श्रंद्धाजलि अर्पित करते हुए अंतिम विदाई दी।

# मुख्यमंत्री का 13 को जिले में कार्यक्रम प्रस्तावित

**नवभारत,नरसिंहपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव नरसिंहपुर के ग्राम मुंगवानी में 13 मई 2026 को मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के अंतर्गत कार्यक्रम प्रस्तावित है। उक्त कार्यक्रम की तैयारियों के लिए विधायक गोटेगांव महेंद्र नागेश, कलेक्टर रजनी सिंह और पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा ने शनिवार को संयुक्त रूप से कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी मौजूद थे। उन्होंने कार्यक्रम के सुचारू क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने हेलिपैड, कार्यक्रम स्थल और पार्किंग स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम के दौरान कानून व्यवस्था, संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।




# लोक अदालत में 280 प्रकरणों का निराकरण

**नवभारत,गोटेगांव।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार तहसील विधिक सेवा समिति गोटेगांव द्वारा बीते दिवस न्यायालय परिसर में लोक अदालत का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं समिति अध्यक्ष साक्षी शुक्ला, अभिभाषक संघ के सचिव अभय जैन,अधिवक्ताओं एवं न्यायालयीन कर्मचारियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया ।लोक अदालत में बैंक रिकवरी, जलकर, संपत्ति कर, एनआई एक्ट एवं विभिन्न आपराधिक प्रकरणों सहित कुल 303 मामलों को सुनवाई हेतु रखा गया। इनमें से 280 प्रकरणों का आपसी सहमति एवं समझौते के आधार पर निराकरण किया गया। वही लोक अदालत के माध्यम से 23 लाख 70 हजार 500 रुपए की राशि जमा कराई गई तथा 280 पक्षकार लाभान्वित हुए। आयोजन का उद्देश्य आमजन को सहज, सुलभ एवं त्वरित न्याय उपलब्ध कराना रहा। आयोजन के अंत में पक्षकारो को फलदार छायादार वृक्ष वितरण किए गए।

# शैक्षिक गुणवत्ता और संस्थागत विकास पर चर्चा

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** इन दिनों केशव शिक्षा समीति महाकौशल प्रांत का आचार्य सामान्य प्रशिक्षण वर्ग जारी है। जिसमें प्रादेशिक सचिव ईश्वरदास पटेल ने शैक्षणिक गुणवत्ता और संस्थागत विकास विषय पर अपने सरल स्वभाव में प्रकाश डाला उन्होंने कहा कि विद्यालय में जो सर्वोपरि है वो ही शिक्षा है । हमे शिक्षा में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखना है।

समाज देखता है इसलिए हमे समय के साथ अपडेट होना जरूरी है हमें संस्कारों पर विशेष ध्यान देना है। विद्यालयों में आवश्यक संस्थागत संसाधनों का होना जरूरी है। विद्यालयों में आध्यात्मिक वातावरण निर्मित हो ।शिक्षा की गुणवत्ता वह है जो संस्कारों के रूप में ग्राम में परिलक्षित हो। हमेशा सकारात्मक सोच रहे। धैर्य रखें हर कार्य समय पर नियति द्वारा निर्धारित है वह होगा ही हमे केवल भैया बहनों के एक सकारात्मक दिशा देने की



आवश्यकता है। परिवर्तन संसार का नियम है हमे भी परिवर्तनशील होना चाहिए लेकिन हमारे मूल सांस्कृतिक धार्मिक एवं आध्यात्मिक तथ्यों को नहीं भूलना चाहिए ।वंदना सत्र के साथ दीप प्रज्वलित कर शुरू हुये इस वर्ग में जिला अध्यक्ष भाजपा रामस्नेही पाठक सुरेंद्र मोहन नेमा ब्रजेश माते अरविंद सिंह ठाकुर प्रमुख रुप से उपस्थित रहे। तथा अपने विचार रखे। मंच संचालन संत कुमार शुक्ला तथा अतिथि परिचय गोंविद किरार द्वारा कराया गया ।इस अवसर पर प्रांत के विभिन्न जिलों के जिला समन्वयक सह समन्वयक तथा समस्त शिक्षक इस सत्र में उपस्थित रहे।

# प्रथम दिवस 7 सत्रों के माध्यम से कार्यकर्ताओं को किया गया प्रशिक्षित

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग का हुआ शुभारंभ

**नवभारत,नरसिंहपुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला संगठन द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत दो दिवसीय प्रशिक्षण डी एम पैलेस करेली में आयोजित किया गया वर्ग के प्रथम दिवस 7 प्रशिक्षण सत्रों का आयोजन किया गया कार्यक्रम का प्रारंभ में पार्टी के संघर्षों के इतिहास की प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया तत्पश्चात वन्देमातरम के साथ सत्र का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम भाजपा जिला अध्यक्ष रामस्नेही पाठक की अध्यक्षता एवं पंचायत ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह पूर्व राज्यसभा सदस्य कैलाश सोनी जिला भाजपा प्रभारी शरद जैन पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल महेंद्र नागेश प्रशिक्षण प्रभारी श्रीराम शुक्ला की गरिमामय उपस्थिति में सम्पन्न हुआ प्रशिक्षण वर्ग की प्रस्तावना जिला भाजपा



अध्यक्ष रामस्नेही पाठक द्वारा प्रस्तुत करते हुए कहा कि शीर्ष नेतृत्व की मंशा अनुरूप यह प्रशिक्षण वर्ग संपूर्ण देश में आयोजित किए जा रहे है जिसका उद्देश्य कार्यकर्ताओं का बौद्धिक विकास एवं वैचारिक मजबूती प्रदान करना है जिससे वह आगामी समय में होने वाले चुनावों में संगठन एवं सरकार की रीति नीति आम जनों तक पहुंचा सके उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने कहा कि भाजपा के अभ्यास वर्ग सदैव कार्यकर्ताओं के जीवन में परिवर्तन लाते है चाहे वह राजनीतिक हो सामाजिक हो या पारिवारिक हो अभ्यास वर्ग में कार्यकर्ता प्रबंधन सिख के जाता है क्योंकि भाजपा ही एक मात्र संगठन है व्यक्ति निर्माण से संगठन निर्माण एवं संगठन निर्माण से राष्ट्र निर्माण की भावना को आगे बढ़ाता है हमारे संगठन की यात्रा जनसंघ से प्रारंभ हुई जिसमें आपातकाल का वह काला दौर भी देखा जिसमें हमारी विचारधारा को कुचलने का प्रयास किया ओर भाजपा के निर्माण का वह दौर भी देखा जब अटल जी ने कहा था अंधेरा छटेगा सूरज निकलेगा और कमल खिलेगा उनकी यह वाणी आज सात प्रतिशत चरितार्थ हो रही है।

### उद्घाटन सत्र को संबोधित किया

जब मोदी के नेतृत्व केंद्र के साथ साथ देश के अधिकतम राज्यों में भाजपा की सरकारें निर्वाचित है उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने कहा कि भाजपा में कार्यकर्ता के लिए प्रशिक्षण प्रतिक्षण होता है क्योंकि कार्यकर्ता को रोज कुछ न कुछ नया सीखने मिलता है इसलिए इस प्रकार के प्रशिक्षण वर्ग निरंतर रूप से बूथ से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किए जाते है इन प्रशिक्षणों से कार्यकर्ताओं का बौद्धिक एवं समग्र विकास होता है क्योंकि वर्तमान समय में हमारे कार्यकर्ता को वैचारिक रूप से मजबूत होना चाहिए क्योंकि उसका सामना एक ऐसे विपक्ष से है जो झूठ की राजनीति करता है।

# तेरह साल बाद शनि जयंती शनि अमावस्या का बन रहा दुर्लभ संयोग



**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** हमारी धार्मिक मान्यता के अनुसार ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या को शनि जयंती का महापर्व मनाया जाता है। नवग्रहों में शनिदेव का विशिष्ट स्थान है। शनिदेव को न्याय के देवता कर्मफल के दाता कहा जाता है। पंचांग गणना के अनुसार इस वर्ष 16 मई शनिवार को ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष अमावस्या शनि जयंती का महासंयोग बन रहा है। शनिवार के दिन शनि जयंती का योग 13 वर्ष पूर्व 2013 में बना था। हमारे क्षेत्र के विद्वान पौरोहित्य कर्मकांड स्नातक आचार्य चतुष्टय वेदाचार्य पुराणाचार्य व्याकरण एवं ज्योतिषाचार्य प्रमोद पचौरी ने बताया कि अभी शनिदेव का मीनराशि में गोचर चल रहा है। जिससे कुंभ मीन और मेष राशि वालों पर शनि की साढ़ेसाती और सिंह राशि धनु राशि वालों पर शनि की अढैया दशा चल रही है इन सभी राशि वालों को शनि की कृपा प्राप्ति के लिएं शनि जयंती पर बहुत सुंदर संयोग बन रहा है। इस दिन किया गया जप हवन दान शनि कृपा को अनंत गुना फलदायी बनाने वाला होगा। इन राशि वालों के अलावा जिन लोगों की कुंडली में शनि अशुभफलदायक स्थिति में हो नीच राशि अथवा शत्रु राशि में स्थित हो शनि की महादशा अंतर्दशा चल रही हो ऐसे जातक भी शनि जयंती पर शनिशांति के प्रयोग करके शनि कृपा को प्राप्त कर सकते हैं। ज्योतिष रत्न ज्योतिष शिरोमणि पं प्रमोद पचौरी ने बताया कि इसदिन शनि पीड़ित अथवा शनिकृपा को प्राप्त करने वाले लोग स्नान आदि से निवृत्त होकर स्वच्छ वस्त्र धारण करके वेदज्ञ ब्राह्मणों के मार्गदर्शन में शनिशांति के अनुष्ठान करा सकते हैं।